Sl. Code : 801 **2016 (A)**

**Roll No. of Candidate : ..............................**

# HINDI ( MT )

**Total Questions : 20** **Total Printed Pages : 16**

Time : 3 Hrs. 15 Minutes ] [ Full Marks : 100

**परीक्षार्थी के लिये निर्देश :**

**Instructions to the candidate :**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
   *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
   *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   *All questions are compulsory.*

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

4. **उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द-सीमा का ध्यान रखें।**

*While answering the candidate should adhere to the word limit as far as practicable.*

5. **इस प्रश्नपत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**

*15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions.*

1. (अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें : $6 \times 2 = 12$

कहानी अपनी कथा वृत्ति के कारण संसार की प्राचीनतम विधा है । गल्प, कथा, आख्यायिका, कहानी इन अनेकों नामों से आख्यात विख्यात कहानी का इतिहास विविध कोणीय है । युगान्तर के साथ कहानी में परिवर्तन हुए हैं और इसकी परिभाषाएँ भी

BiharboardQuestionpaper.com

बदली है । कहानी का रंगमंचीय संस्करण है एकांकी । इसी तरह उपन्यास का रंगमंचीय संस्करण है नाटक । लेकिन उपन्यास और कहानी अलग-अलग हैं । कहानी में एकान्वित प्रभाव होता है, उपन्यास में समंकित प्रभावान्वीति होती है । कहानी को बुलबुला और उपन्यास को प्रवाह माना गया है । कहानी टार्चलाइट है, किसी एक बिन्दु या वस्तु को प्रकाशित करती है । उपन्यास दिन के प्रकाश की तरह शब्दों को समान रूप से प्रकाशित करता है । कहानी में एक और एक घटना ही होती है । उपन्यास में प्रमुख और गोण कथाएँ होती हैं । कहानी ध्रुपद की तान की तरह है, आरम्भ होते ही समाप्ति का सम-विषम उपस्थित हो जाता है ।

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

उपन्यास शास्त्रीय संगीत का आलाप है । आलाप में आधी रात गुजर जाती है । कुछ लोग दर्शक दीर्घा में सो जाते हैं, कुछ घर लौट जाते हैं । पर कहानी शुरू हो गयी तो पढ़ने वाले को खत्म तक पहुँचने को लाचार कर देती है चाहे परोसा हुआ खाना ठंडा हो या डाकिया दरवाजे पर खड़ा हो, कहानी प्रमुख हो जाती है । उपन्यास पुस्तक से निकल कर पाठक के साथ शौचालय, शयनकक्ष, सड़क, चौराहा सर्वत्र चलने लगता है ।

**प्रश्न :**

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें :

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दें ।

(ख) 'कहानी' अन्य किन नामों से प्रचलित है ?

BiharboardQuestionpaper.com

(ग) कहानी और उपन्यास में मुख्य अंतर क्या है ?

(घ) उपन्यास पुस्तक से निकल कर पाठक के साथ कहाँ-कहाँ चलने लगता है ?

(ङ) कहानी पाठक को किस प्रकार लाचार कर देती है ?

(च) संसार की प्राचीनतम विधा कहानी क्यों है ?

(च) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : 4 × 2 = 8

लोभी मनुष्य की मानसिक स्थिति विचित्र सी होती है । धन के प्रति उसकी ललक की तीव्रता और उत्कटता को देखकर ऐंसा लगता है, मानो वह



BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

सामान्य इन्सान नहीं हो । सामान्य इन्सान ललक की तीव्रता का शिकार होकर तज्जन्य अशान्ति एवं अस्थिरता को स्वीकार कर ही नहीं सकता । धन इकट्ठा करना सभी चाहते हैं, लेकिन लोभी का धन इकट्ठा करना कुछ और ही है । वह धन इसलिए इकट्ठा करता है जिससे उसे किसी समय उसकी कमी न हो, परन्तु उसे उसकी कमी हमेशा बनी ही रहती है । पहले उसकी कमी कल्पित होती है, परन्तु पीछे वह यथार्थ, असली हो जाती है; क्योंकि घर में धन रहने पर भी वह उसे काम में नहीं ला सकता । लोभ से असंतोष की वृद्धि होती है और संतोष का सुख खाक में मिल जाता है । लोभ से भूख बढ़ती है

BiharboardQuestionpaper.com

और तृप्ति घटती है । लोभ से मूलधन व्यर्थ बढ़ता है और उसका उपयोग कम होता है । लोभी का धन देखने के लिए वृथा रक्षा करने के लिए और दूसरों को छोड़ जाने के लिए होता है । ऐसे धन से क्या लाभ ? ऐसे धन को इकट्ठा करने में अनेक कष्ट उठाने की अपेक्षा संसार भर में जितना धन है, उसे अपना ही समझना अच्छा है ।

**प्रश्न :**

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें :

(क) लोभी का धन किसके काम आता है ?

(ख) लोभ बुरा है, क्यों ?

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

(ग) लोभी हमेशा धन के अभाव का अनुभव क्यों करता है ?

(घ) लोभी मनुष्य सामान्य इन्सान क्यों नहीं होता ?

2. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी **एक** विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखें : 10

(क) **बढ़ती मँहगाई**

संकेत बिन्दु

(i) मँहगाई की मार

(ii) निरन्तर बढ़ती मँहगाई

(iii) सरकार के दावे

(iv) आम लोगों पर प्रभाव

(v) उपसंहार ।

BiharboardQuestionpaper.com

(ख) **भारतीय एकता**

संकेत विन्दु

(i) भूमिका

(ii) देश का भौगोलिक स्वरूप

(iii) संविधान में स्थिति

(iv) जातिवादी प्रभाव

(v) उपसंहार ।

(ग) **कम्प्यूटर**

संकेत विन्दु

(i) कम्प्यूटर क्या है

(ii) भारत में कम्प्यूटर: इसका सदुपयोग तथा इससे लाभ

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

(iii) दैनिक जीवन में कम्प्यूटर

(iv) कार्यालयी उपयोग

(v) उपसंहार ।

3. परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी के विषय में अपने मित्र के पास पत्र लिखें । 5

**अथवा**

विद्यालय में सफाई, पेयजल अथवा शौचालय की व्यवस्था के सम्बन्ध में प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें ।

4. सन्धि और समास में अन्तर बताइए । 5

**अथवा**

विशेषण और उसके भेदों को लिखें ।

BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :

5 × 1 = 5

(i) अमृत

(ii) पक्षी

(iii) पानी

(iv) बेटा

(v) चन्द्रमा ।

6. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें : 5 × 1 = 5

(i) जो जानने की इच्छा रखता है ।

(ii) जो युद्ध में स्थिर रहता हो ।

(iii) जो गगन को चूमता हो ।

(iv) जिसकी कोई उपमा न हो ।

(v) जिसके समान दूसरा या द्वितीय न हो ।

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

7. स्तम्भ 'अ' और स्तम्भ 'ब' का सही मिलान सामने-सामने लिखकर करें : 6 × 1 = 6

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|
| (i) भारत से हम क्या सीखें | (क) स० ही० वात्स्यायन अज्ञेय |
| (ii) जित-जित मैं निरखत हूँ | (ख) पंडित बिरजू महाराज |
| (iii) हिरोशिमा | (ग) सांवर दइया |
| (iv) हमारी नींद | (घ) सुजाता |
| (v) धरती कब तक घूमेगी | (ङ) मैक्स मूलर |
| (vi) नगर ( तमिल ) | (च) वीरेन डंगवार । |

8. सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए लेखक ने किन विशेषताओं को आवश्यक माना है ? ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

BiharboardQuestionpaper.com

9. मदन और ड्राइवर के बीच के विवाद के द्वारा कहानीकार क्या बताना चाहता है ? ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

10. लेखक द्वारा नाखूनों को अस्त्र के रूप में देखना कहाँ तक संगत है ? ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

11. परम्परा का ज्ञान किसके लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है और क्यों ? ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

12. निम्नांकित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें :

जाति प्रथा का यदि श्रम विभाजन मान लिया जाए तो यह स्वाभाविक विभाजन नहीं है, क्योंकि यह मनुष्य की रुचि पर आधारित है । कुशल व्यक्ति या सक्षम श्रमिक समाज का निर्माण करने के लिए आवश्यक है कि हम व्यक्तियों की

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

क्षमता इस सीमा तक विकसित करें, जिससे वह अपने ... या कार्य का चुनाव स्वयं कर सके ।

**प्रश्न :**

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? 1

(ii) इस पाठ के लेखक का नाम लिखें । 1

(iii) इस गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें । ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

13. नेताओं के बारे में कवि की क्या राय है ? ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

14. भारत माता का हास भी राहु ग्रसित क्यों दिखाई पड़ता है ? ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

BiharboardQuestionpaper.com

15. 'स्वदेशी' कविता का मूल भाव क्या है सारांश में लिखिए ।

( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

16. कवि जनता के स्वप्न का किस तरह चित्र खींचता है ?

( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

17. निम्नांकित पद्यांश से पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दें :

जब मेरा अस्तित्व न रहेगा, प्रभु, तब तुम क्या करोगे ?

जब मैं तुम्हारा जलपात्र टूट कर बिखर जाऊँगा ?

जब मैं तुम्हारी मदिरा सूख जाऊँगा या स्वादहीन हो जाऊँगा ?

**प्रश्न :**

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गयी हैं ? 1

(ii) इस पाठ के रचनाकार कौन हैं ? 1

(iii) इस पद्यांश का भाव अपने शब्दों में लिखें । ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

[ Turn over

BiharboardQuestionpaper.com

18. लक्ष्मी की पारिवारिक परिस्थिति का वर्णन करें । ( उत्तर 40 शब्दों में दें ) 4

19. कहानी में आयी बाढ़ का चित्रण अपने शब्दों में करें । ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

20. कुसुम के पागलपन में सुधार देख मंगु के प्रति माँ, परिवार और समाज की प्रतिक्रिया को अपने शब्दों में लिखें । ( उत्तर 30 शब्दों में दें ) 3

Biharboardquestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com